आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 26.10.2024 समय : 18.30 पीएम

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा को समाज में बदलाव और विकास का मूल आधार बताया है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल–वन का उद्घाटन किया।
- प्रदेशभर में दीपावली की तैयारियां जोर–शोर से की जा रही हैं।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा को समाज में बदलाव और विकास का मूल आधार बताया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बल पर आज भारत सकारात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। उपराष्ट्रपति आज जोधपुर में आई आई टी के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा देश अनंत अवसरों और आशा की भूमि है और आज पूरी दुनिया हमारी विकास गाथा में भागीदार बनना चाहती है। श्री धनखड ने कहा कि यह हमारी प्रतिभाओं की क्षमता है कि दुनिया में उनकी मांग लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। उपराष्ट्रपति ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संस्थान परिसर में पौधा भी लगाया। समारोह में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत की पहचान विश्व में नए सिरे से गढ़ी जा रही है। दीक्षांत समारोह के पहले चरण में एक हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को डिग्री दी गई। श्री धनखड ने अव्वल छात्रों को स्वर्णपदक प्रदान किये। उपराष्ट्रपति ने जोधपुर आईआईटी की एआइओटी लैब और इलेक्ट्रॉनिक निर्माण इकाई का ऑनलाइन उद्घाटन भी किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर सुबह 11 बजे किया जाएगा। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचार के साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों और न्यूज ऑन एआईआर एप पर भी उपलब्ध रहेगा।

000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस सोमनाथ ने कहा है कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी समय के साथ और सुलभ होती जा रही है तथा इसका वास्तविक प्रयोग लगातार बढ़ रहा है। आईआईटी दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, डॉ. सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का सकारात्मक प्रभाव सीधे तौर पर अर्थव्यवस्था, रोजगार क्षमता और रोजगार सृजन पर पड़ रहा है। यही कारण है कि सरकार ने हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में अधिक निजि निवेश और निजि भागीदारी लाने की पहल की है। उन्होंने बताया कि यह एक ऐसा डोमेन है जिसे हमेशा नियंत्रित और विनियमित नहीं रखा जा सकता है।

000

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड–सीबीडीटी ने कॉरपोरेट करदाताओं के लिए आकलन वर्ष 2024–25 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा बढ़ा दी है। कॉरपोरेट करदाता अब 31 अक्टूबर के बजाय 15 नवंबर तक अपने आयकर रिटर्न भरकर जमा करा सकते हैं।

000

कर्मचारी राज्य बीमा–ईएसआई योजना के अंतर्गत इस साल अगस्त में 20 लाख 74 हजार नए कर्मचारियों ने नामांकन कराया है। श्रम और रोजगार मंत्रालय के अनुसार अगस्त में 28 हजार 9 सौ 17 नये प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के दायरे में लाया गया है। पिछले वर्ष अगस्त की तुलना में इस साल पंजीकरण दर में 6 दशमलव आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान में हर क्षेत्र के लिये संभावनाएं हैं। श्री शर्मा आज जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल–वन का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार के पिछले एक दशक के प्रयास से अब आम आदमी के लिये भी हवाई सफर आसान हो गया है। श्री शर्मा ने कहा कि टर्मिनल वन से अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों का संचालन शुरू होने से प्रदेश को बहुत फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस टर्मिनल से प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय निवेश को बढ़ावा मिलेगा। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के हर जिले में हैलीपेडत्र बनाये जायेंगे।

गौरतलब है कि इस टर्मिनल–वन को 11 साल पहले बंद कर दिया गया था। अब नये स्वरूप में इसे फिर से शुरू किया गया है और इस टर्मिनल से अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों का संचालन होगा।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि जनजातीय लोगों की जीवनशैली से सीख लेकर देश के सतत विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। वे आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि देश का संपूर्ण विकास तभी संभव है जब विकास की प्रक्रिया में जनजातीय लोगों की सक्रिय भागीदारी हो।

.....................

राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी समाज के लोग प्रकृति को करीब से समझते हैं और सदियों से पर्यावरण के साथ सामंजस्य बिठाकर रहते आए हैं। समारोह के दौरान राष्ट्रपति ने 7 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए।

000

चूरू में आज पूर्व मंत्री और किसान नेता कुम्भा राम आर्य की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने श्री आर्य की मूर्ति पर माला पहनाकर उन्हें नमन किया। श्री

डोटासरा ने कहा कि श्री कुम्भाराम किसानों के मसीहा थे और उन्होंने सभी को साथ लेकर किसानों का उत्थान किया।

000

प्रदेश में दीपावली के लिये जोर–शोर से तैयारियां की जा रही हैं। जिलों में प्रशासन, कारोबारी और आमजन अपनी–अपनी तरफ से त्यौहार के लिये काम करने में जुटे हैं। शहरों में सभी प्रमुख स्थलों, चौराहों और सरकारी इमारतों को रंग–बिरंगी रोशनी से सजाया जा रहा है।

जयपुर में बाजारों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और जगह–जगह स्वागत द्वार बनाये गये हैं। व्यापारी भी अपने प्रतिष्ठानों को सजा रहे हैं। भीलवाड़ा में घरों और दुकानों में सजावट की गई है। अजमेर में श्रीनगर रोड को पहली बार डेढ़ किलोमीटर तक विशेष लाइटों से सजाया गया है। नगर निगम ने आनासागर चौपाटी पर आकर्षक लाइटिंग की है। इस वर्ष दीपावली पर शहर में जिला प्रशासन ने ग्रीन पटाखे बेचने के लिए 250 लोगों को अस्थाई लाइसेंस जारी किए हैं।

000

दीपावली के मौके पर मिलावटी सामान और अशुद्ध मिठाइयों की बिक्री पर रोक लगाने के लिये शुद्ध आहार–मिलावट पर वार अभियान के तहत कार्यवाही की जा रही है। कोटपूतली–बहरोड़ जिले के बानसूर और बहरोड़ में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कार्रवाई की। बहरोड में 200 किलो दूषित पनीर मौके पर नष्ट करवाया गया। प्रदेश के अन्य जिलों में भी स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने विभिन्न दुकानों से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं।

000

पाली में धन्वंतरि जयंती को लेकर आयुर्वेद विभाग की ओर से आरोग्य सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। चिकित्सालयों और गांवों में महिलाओं को आयुर्वेद के माध्यम से स्वास्थ्य को उत्तम रखने के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हें हार्मोन संतुलन और मासिक धर्म देखभाल की जानकारी भी दी गई। विभाग के उपनिदेशक बजरंगलाल शर्मा ने बताया कि सप्ताह के तहत आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए दौड़ भी आयोजित की जाएगी।

000

श्रीगंगानगर का स्थापना दिवस आज हर्षोल्लास से मनाया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित गंग महोत्सव के तहत आज गंगासिंह चौक पर जिले के संस्थापक महाराजा गंगासिंह को श्रद्धापूर्वक नमन कर पुष्पाजंलि दी गई। इसके बाद शिवपुर हैड पर हवन–यज्ञ कर पूजा–अर्चना की गई। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में धर्मगुरूओं ने

जिले की खुशहाली की कामना की। बाद में अतिथियों ने महाराजा गंगासिंह की स्मृति में बनाए गये म्यूजियम का अवलोकन किया। इस बीच पर्यटन विभाग की ओर से लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। उपस्थितजनों ने नशामुक्ति का संकल्प भी लिया। इससे पूर्व गंगासिंह चौक पर महाराजा गंगासिंह की प्रतिमा पर जनप्रतिनिधियों, जिला कलक्टर डॉ. मंजू, पुलिस अधीक्षक  गौरव यादव, शिल्प और  माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक, उपस्थित रहे।

000

राज्य के 7 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिये 13 नवम्बर को मतदान होगा। इसके मद्दे नजर संबंधित चुनाव क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। दौसा में आज जिला स्वीप टीम ने एक शादी समारोह में पहुंचकर दूल्हा—दुल्हन सहित बारातियों और परिजनों को मतदान करने की शपथ दिलाई। इसी तरह राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के जिला अधिवेशन में पहुंचकर जिला स्वीप टीम ने जिले के सभी शारीरिक शिक्षकों को मतदान करने की शपथ दिलवाई। स्वीप जिला समन्वयक रामवीर चौधरी ने बताया कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया में काम आने वाले पांच एप्स के बारे में जानकारी दी जा रही है।

000